उत्तर रेलवे

230–विद्युत लोको परिचालन / दिल्ली / तकनीकी–24 / 2021
दिनांक :–2.11.2022

गण्डल कार्यालय
नई दिल्ली

वरिष्ठ खण्ड अभियंता / चल स्टॉक
विद्युत लोको आउटपिट दिल्ली, नई दिल्ली, आनन्द विहार, तुगलकाबाद,गाजियायाबद–उत्तर रेलवे
नई दिल्ली, हजरत निजामुद्दीन–उत्तर मध्य रेलवे।

# अनुरक्षण ड्राईव–DLI/RSO-12/2022

विषय :– शरद ऋतु में विद्युत इंजनों के फिटनैस के सम्बन्ध में:–

उक्त सन्दर्भित पत्र के माध्यम से मुख्य विद्युत लोको अभियन्ता, उ0रे0 ने शरद ऋतु के दौरान प्रत्येक आउटपिट पर विद्युत इंजनो की विशेष जांच में निम्न मदो को ठीक होने की व्यवस्था करें :–

1. दोनों कैब में दरवाजे, खिड़कियों के शटर व अन्य एयर टाईट होने चाहिये।
2. दोनो कैब के हीटर / हीटर ब्लोअर कार्यरत होने चाहिये।
3. हैड लाईट के दोनो मोड (कार्यरत व स्टैण्ड बाई) कार्यरत होने चाहिये व फोकस ठीक होना चाहिये।
4. रूफ में लगे समस्त इन्सूलेटर साफ होने चाहिये। रूफ इन्सूलेटरो को साफ कपड़े से सफाई करने के उपरान्त इन्सूलेटर के सभी पेटीकोटो पर SILICON OIL लगाऐ तथा टूटे हये इन्सूलेटर को बदल दें।
5. ट्रिप शैड में लोको की छत पर लगे उपकरणों (पैण्टोग्राफ, छत पर लगे इन्सुलेटर व रूफ बार इत्यादि की सफाई सहित) की TRD स्टाफ के साथ संयुक्त जांच सुनिश्चित करें।
6. सभी कम्प्रेशरों के ऑयल लेवल के ठीक होने की सुनिश्चितता करें तथा अन–लोडर वाल्व को ठीक कार्य करने की जांच करें।
7. मैन ट्रान्सफार्मर, टैप चेन्जर एवं ट्रैक्शन कन्वर्टर के ऑयल लेवल के ठीक होने की सुनिश्चितता करें।
8. ट्रांसफार्मर, टेप चैन्जर, ट्रैक्शन कन्वर्टरो पर लगे सिलीका जैल के ठीक होने की जांच, अगर सिलीका जैल का रंग बदल गया हो तो उसे विधि अनुसार बदलें।
9. एयर ड्रायर प्रणाली के कार्यरत में होने की सुनिश्चितता करें।
10. ब्रेक सिलेण्डर का उचित समय में एप्लीकेशन / रिलीज होना चैक करें। अनियमितता मिलने पर ओवरहॉलिंग करें।
11. बैट्री के टर्मिनल को साफ करें एवं उनपर पैट्रोलियम जैली लगायें।
12. ट्रैक्शन मोटरों के इन्सपैक्शन कवर का गास्केट के साथ ठीक लगे होने की जांच करें और सुनिश्चित करें की कोई एयर गैप न हो।

# उत्तर रेलवे

13. दोनों कैब के स्पीडोमीटर ठीक होने चाहिये।
14. प्रत्येक शिफ्ट में गियर केस तेल को गर्म करने की सुविधा व तेल उपलब्ध होना चाहिये।
15. सभी ड्रेन काको से नमी की निकासी करने व आफ्टर कूलर प्रणाली व एयर ड्रायर प्रणाली के ठीक कार्य करने की सुनिश्चितता करें।
16. सैण्डर के ठीक कार्य करने व सैण्ड बॉक्सों में सूखी सैण्ड की उपलब्धता और सारे कवर एयर टाईट होने की सुनिश्चितता करें।
17. दोनो कैबो के वाईपर्स के ठीक कार्य करने की सुनिश्चितता करें।
18. हैड लाईट, मार्कर लाईट व फ्लैशर लाईट के शीशो की सफाई करायें।
19. लुक आउट ग्लास से बाहर की दृश्यता देखें यदि दृश्यता कम हो तो लुक आउट ग्लास को बदल दें।
20. लुक आउट ग्लास की सफाई करें।
21. पैण्टोग्राफ की सर्वोमोटर के कार्य की जाँच करें यदि पैण्टोग्राफ के उठने व बैठने का समय मानक समय से अधिक है तो सर्वोमोटर की ओवरहॉलिंग करायें।
22. समस्त आउटपिट इन्चार्ज उक्त मदो की अपने स्टॉफ को विस्तृत जानकारी दे तथा सुनिश्चित करें कि फिट दिये जाने वाले इंजनो की उक्त मदो के अनुसार जांच व फिटनैस की गई है।

अतः सभी आउटपिट इंचार्ज ड्राईव के तहत अपने स्टाफ को उपरोक्त संबंध में काउन्सल करें व कार्य का होना सुनिश्चित करें। ड्राईव की रिपोर्ट दिनांक–17.12.2022 तक मण्डल कार्यालय में भेजें।

21/11/22

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियंता/परिचालन
उत्तर रेलवे, नई दिल्ली

प्रतिलिपि :–

1. मुख्य विद्युत लोको अभियंता/उत्तर रेलवे, बड़ौदा हाऊस, नई दिल्ली–सूचनार्थ।
2. मुख्य कर्षण लोको नियन्त्रक/मण्डल कार्यालय/उत्तर रेलवे/नई दिल्ली–आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. मण्डल विद्युत अभियन्ता/मण्डल कार्यालय/उत्तर मध्य रेलवे–आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. वरिष्ठ मण्डल कर्षण वितरण/मण्डल कार्यालय/उत्तर रेलवे/नई दिल्ली–आवश्यक कार्यवाही हेतु।